प्रदर्शन | किसानों ने घेरा बिजली दफ्तर, जिला पंचायत सदस्य ने भी चेताया

दो दिन में नहीं सुधरीं व्यवस्थाएं तो होगा उग्र आंदोलन

नवभारत, सिहोरा। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी सिहोरा डिवीजन के तहत संचालित विद्युत वितरण केंद्र गोसलपुर कार्यालय का सोमवार को दोपहर आधा दर्जन गांवों के किसानों ने बिजली दफ्तर को घेर लिया ।

आपको बता दे की गोसलपुर डीसी के अंतर्गत आने वाले मझौली तहसील के तपा खुडावल कैलवास उमरिया धनगंवा खिरवा कूड़ा कंजई ताला देवरी सहजपुरा गांव से बड़ी संख्या में किसान क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य प्रदीप पटेल एवं जिला सलाहकार समिति विजय पटेल के नेतृत्व में विद्युत मंडल कार्यालय गोसलपुर पहुंचकर धरना प्रदर्शन देकर अपनी समस्या बताई की किसानों ने बताया की बिजली शासन के तय मानकों के तहत नहीं मिल पा रही है जिससे किसानों को इस जायद फसल ग्रीष्मकालीन सीजन के रूप में मूंग ऊडद की बोबनी करने में परेशानी हो रही है वही किसानों ने क्षेत्र के बिगड़े ट्रांसफार्मर को दो दिवस के अंदर बदलने की चेतावनी दी है जिला पंचायत सदस्य के संयोजन में पहुंचे किसान काफी आक्रोशित थे उन्होंने बताया की बिजली की कटौती व खराब ट्रांसफार्मर के कारण किसानों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और बिजली कंपनी के लाइनमैन अधिकारी किसानो की समस्याएं सुनने को तैयार नहीं है और न ही उनकी समस्याओं का निराकरण हो रहा है किसानों ने हस्तलिखित ज्ञापन सिहोरा डिवीजन के कार्यपालन अभियंता को सौंप कर दो दिवस के भीतर उल्लेखित समस्याओं के समाधान की बात कही है अन्यथा विद्युत मंडल कार्यालय गोसलपुर का घेराव की चेतावनी दी है इस मौके पर क्षेत्र के पूर्व जिला पंचायत सदस्य पंडित ज्वाला प्रसाद दुबे व बड़ी संख्या में कृषक शामिल थे।

संभागीय नोडल अधिकारी ने महाविद्यालय का किया निरीक्षण

नवभारत, सिहोरा। शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा में डॉ अरुण शुक्ला नोडल अधिकारी स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना जबलपुर संभाग का आज महाविद्यालय में आगमन हुआ।

डॉ अरुण शुक्ला जी ने प्राचार्य प्रो. एम.के श्रीवास्तव के साथ महाविद्यालय स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की बैठक ली एवं आवश्यक निर्देश दिए । आपने पूरे साल भर की कार्य योजना के बारे में लिखित जानकारी प्राप्त की एवं महाविद्यालय में हथकरघा संयंत्र लगाए जाने के लिए आवेदन मांगा जिसे महाविद्यालय द्वारा उन्हें प्रदाय किया गया । आपने वर्ष भर की जाने वाली महाविद्यालय गतिविधियों के संबंध में एवं विद्यार्थी हेतु केंपस ड्राइव, उद्यमिता एवं स्टार्ट अप पर कार्यक्रम लगातार आयोजित करने का निर्देश दिया। डॉ शुक्ल ने कहा कि सिहोरा में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। यहां पर सिंघाड़ा प्रसंस्करण उद्योग, मछली पालन, रेशम उत्पादन जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे ताकि विद्यार्थी स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़े। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. एसके. महरोलिया, श्री सी एल वर्मा एवं डॉक्टर श्रीकृष्ण तिवारी उपस्थित रहे ।

नवनियुक्त एल्डरमैनों का किया गया सम्मान

वैश्य महासम्मेलन की जिला बैठक संपन्न

नवभारत, पनागर। वैश्य महासम्मेलन जिला जबलपुर की बैठक स्थानीय होटल मे सम्पन हुई । बैठक के प्रारम्भ मे अतिथियो द्वारा दीपप्रज्जलन पूजन अर्चन किया गया ।बैठक मे मुख्य अतिथी प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संदेश जैन ,अध्यछता संभागीय अध्यछ संजय साहू, विशिष्ट अतिथी, राजेश अगवाल, हेमचंद असाठी, कृष्णा सरावगी रही ।इस दौरान नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विमल जैन को पद की शपथ दिलाई गयी । इसके बाद विनय जैन , रेखा ताम्रकार नगर पालिका पनागर एवं आलोक जैन , विनोद गुप्ता सिहोरा नवनियुक्त एल्डरमेनो एवं वरिष्ठजनो वैश्य समाजसेवियों नरेंद्र सराफ छट्टन भैया अजीत चौधरी पूर्व पार्षद को स्मृतिचिन्ह भेट कर अतिथियो द्वारा सम्मानित किया गया । कार्यकारी अध्यछ श्री जैन द्वारा संगठन के कार्यक्रमों की समीछा तहसील एवं जिला पदाधिकारियो से की गयी ।संभाग अध्यछ श्री साहू द्वारा संगठन के जनकल्याणकारी कार्यो पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी । बैठक मे जिला महामंत्रीद्वय बालचंद जैन पाटन , विनय जैन सिहोरा,रामखिलावनसाहू मनीषा मोदी, उपाध्यछ ज्योति जैन पनागर , सोनाली साहू सिहोरा वृन्दावन साहू भेडाघाट, तहसील अध्यछ दिनेश गुप्ता सिहोरा,संदीप बजाज कटंगी,प्रशान्त जैन पाटन, महिला इकाई तहसील अध्यछ क्रमश: नीलू केशरवानी पनागर, चंदा नौगरहिया सिहोरा , रानी साहू शहपुरा , नगर इकाई अध्यछ क्रमश: सारिका साहू, रजनी सोनी , अशोक सोनी ,सहित बडी संख्या मे जिला एवं तहसील पदाधिकारियो की उपस्थिती रही । क्रायक्रम का संचालन संगीता सिघई सिहोरा एव आभार विनय जैन द्वारा किया गया ।

धूमधाम से मनाई जाएगी भगवान परशुराम जयंती

गांधीग्राम में ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित

नवभारत,सिहोरा। बुढ़ानसागर स्थित बड़े हनुमान मंदिर में सोमवार को ब्राह्मण समाज गांधीग्राम की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आगामी भगवान परशुराम जयंती को हर्षोल्लास और गरिमापूर्ण तरीके से मनाने का सामूहिक निर्णय लिया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि जयंती के अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसमें पूजन एवं अभिषेक कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 8 बजे भगवान परशुराम के विधि-विधान से पूजन-अर्चन और अभिषेक के साथ होगा। पूजन के पश्चात सात्विक परंपरा के अनुसार कन्या पूजन एवं भोजन कराया जाएगा। तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें समाज के सभी लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे।

बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में समाज के वरिष्ठ एवं सक्रिय सदस्यों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई, जिनमें मुख्य रूप से राजेश त्रिपाठी, राघवेंद्र त्रिपाठी, बसंत तिवारी, संजय तिवारी, लकी महाराज, बंटू मिश्रा, राहुल मिश्रा, अनिल मिश्रा, मोहित त्रिपाठी, श्री कृष्णा मिश्रा, शुभम मिश्रा, राजकुमार तिवारी, सोनू शिवम तिवारी एवं मंदिर के पुजारी शिवम त्रिपाठी शामिल रहे। बैठक के अंत में सभी सदस्यों ने समाज के लोगों से इस पावन पर्व पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

यज्ञोपवीत संस्कार हेतु पंजीयन प्रारंभ, 6 मई को होगा आयोजन

नवभारत, सिहोरा। ब्राह्मण समाज सिहोरा द्वारा ब्राह्मण बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार आगामी 6 मई को खितौला के माता महाकाली मंदिर में आयोजित होगा। गुरुदेव सुरेंद्र दास महाराज के सानिध्य में होने वाले इस आयोजन के पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। समाज के उपाध्यक्ष नरेन्द्र त्रिपाठी ने अपील की है कि जो भी पालक अपने बटुकों का संस्कार कराना चाहते है वे 20 अप्रैल तक मोबइल नंबर 9926782306 पर डायल कर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

पाटन में हितग्राही मूलक योजना सम्मेलन समारोह का आयोजन

पाटन, नवभारत । भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में नगर परिषद पाटन द्वारा एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय विधायक अजय विश्नोई के मुख्य आतिथ्य में किया गया। जिसकी अध्यक्षता नगर परिषद पाटन अध्यक्ष आचार्य जगेंद्र सिंह के द्वारा की गई। उन्होने अपने विचारों को व्यक्त करते हुये कहा कि, डॉ. अंबेडकर का जीवन समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित रहा और उनके सिद्धांत आज भी प्रेरणास्रोत हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं 'वंदे मातरम' के सामूहिक गायन के साथ हुआ, जिससे पूरे वातावरण में राष्ट्रभक्ति का संचार हुआ। इस अवसर पर पी.एफ.श्री कन्याशाला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत का गायन किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक ने अपने संबोधन में डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्षों और संविधान निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।

उक्त कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 अंतर्गत 73 हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र तथा 181 हितग्राहियों को पट्टाधृति अधिनियम 1984योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, पी.एम.स्वनिधि योजना अंतर्गत 25 हितग्राहियों को राशि रू. 25000 एवं 41 हितग्राहियों को राशि रू. 50000 के ऋण वितरण हेतु स्वीकृति पत्र, मुख्यमंत्री संबल योजना अंतर्गत 4 हितग्राहियों को राशि रू. 10 लाख के स्वीकृति पत्र, 5 लाड़ली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र, 25 छात्र-छात्राओं को पुस्तक वितरण एवं 6 छात्राओं को साइकिल वितरण की गई। कार्यक्रम में ज्योति ठाकुर जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष देवकुमार यादव, देवेंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष राजकुमार सिंह, एसडीएम मानवेन्द्र सिंह, जनपद सीईओ अखिल सहाय श्रीवास्तव, तहसीलदार सच्चिदानंद त्रिपाठी, प्रदीप पटेल, रंजीत गौंड, राघवेन्द्र यादव, राकेश चौधरी, जमना पटेल, गजेंद्र सिंह, आदित्य नामदेव, कैलाश पाठक, सत्यम झारिया, शेख अमजद, दीपक जैन, महेंद्र सिंह ठाकुर, सतेन्द्र उरेती, डॉ. आदर्श विश्नोई, गोपेन्द्र राजपूत, प्रतिभा पटेल, रामशरण लोधी एवं दीपेश बबेले सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकायें एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। अंत में प्राथमिक, उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक सांदीपनी विद्यालय पाटन के छात्र-छात्राओं के द्वारा नृत्य, पी.एम.श्री कन्याशाला की छात्राओं द्वारा नुक्कड़-नाटक की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम सामाजिक समरसता और जनकल्याण की भावना से ओत-प्रोत रहा। कार्यकृम के समापन पर जयश्री चौहान मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद पाटन द्वारा आभार प्रदर्शन कर धन्यवाद दिया गया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में नगर परिषद पाटन के द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेड़कर की जयंती पर प्रदर्शनी लगाई गई, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विज्ञान मॉड़ल का प्रदर्शन तथा महिला बाल विकास द्वारा पोषण स्टॉल लगायी गई। विज्ञान मॉड़ल प्रतियोगिता में संभाग स्तर पर चयनित कु. अंशिका सिंह गौंड़, राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट प्रतियोगिता में चयनित अंशुल पटेल एवं उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले निकाय के सफाई मित्रों, ऑगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा दीदी एवं सहायिका को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुये सम्मानित किया गया।

डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती आज

नवभारत, सिहोरा। संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर नगर में आज अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है । डॉ भीमराव अंबेडकर युवा मंच द्वारा विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया है । वाहन रैली बाबाशाला कटरा मोहल्ला से सायं 4 बजे प्रारंभ होगी जो मझौली बायपास,गढ़िया मोहल्ला, झंडाबाजार, कालभैरव, मैना कुंआ से होकर बाबाराव, खितौला मोड़ से पहरेरा,कृषि उपज मण्डी मार्ग से होते हुए खितौला बाजार,रेल्वे फाटक, खितौला बस स्टेंड,खम्परिया तिराहा से होकर पुराने बस स्टेण्ड में संपन्न होगी डॉ अम्बेडकर की जयंती पर आज बाबाताल के पास कुररिया शाला ग्रांउड में नगर पालिका, जनपद पंचायत द्वारा हितग्राही सम्मेलन का आयोजन दोपहर 3.30 पर संतोष बरकड़े विधायक के मुख्य आतिथ्य, संध्या दिलीप दुबे नगर पालिका अध्यक्ष की अध्यक्षता एंव रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री जनपद पंचायत अध्यक्ष,दिलीप पटेल,शारदा तिवारी उपाध्यक्ष के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया है। जिसमें हितग्राहियों को लाभ वितरित किए जायेंगे।

::- आम सूचना -::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार द्वारा मौहल्ला गंजीपुरा, जवाहरगंज वार्ड, जबलपुर के नजूल लीज ब्लाक नं. 79 प्लाट नं. 51/1/2, 52/1/2 (पुराना 51/1 एवं 52/1) कुल प्लाट रकबा 1287 वर्गफुट है, जिसमें टीन शेड गोदाम का निर्मित रकबा 1287 वर्गफुट जिसे खरीद करने का सौदा श्री जबेर चन्द शाह आत्मज स्व. श्री रतनसी शाह, निवासी 423, करमचंद चौक, नीलम होटल के पीछे, काफी आफिस के सामने, पं. भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड, जबलपुर (म.प्र.) वालो से किया जा रहा है ।

अत: उपरोक्त सम्पति के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति, फर्म, बैंक या वित्तीय संस्था, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय मूल दस्तावेजों सहित प्रकाशन दिनांक से सात दिन के अन्दर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित पेश करें, सात दिन के बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी, और दस्तावेजों का पंजीयन करा लिया जायेगा।

स्थान :- जबलपुर,
दिनांक :- 13/04/2026

UMESH KUSHWAHA
(ADVOCATE)
953/1, NAPIER TOWN JABALPUR (M.P.)
MOB.-9425044987

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार खमरिया वृत्त, जबलपुर
रा. प्र. क्र. 0059/अ-6/2026-27
जबलपुर दिनांक: 02.04.2026
// आम इश्तहार //

ग्राम जमुनिया तहसील व जिला जबलपुर की आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक देवी प्रसाद झारिया पिता स्व. शारदा निवासी- ग्राम जमुनिया, तहसील व जिला जबलपुर ने ग्राम जमुनिया, प.ह.न. 81, राजस्व निरीक्षक मंडल खमरिया स्थित भूमि ख.न. 452 रकबा 0.8000 हे. भूमि के वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया है। अत: उक्त भूमि के वसीयतनामा आधार पर नामांतरण तत्संबंध में जिसे किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 16.04.2026 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी दिनांक व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नही किया जाएगा। इश्तहार आज दिनांक 02.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 02.04.2026
पेशी दिनांक- 16.04.2026

अतिरिक्त तहसीलदार
खम्हरिया वृत्त (बरेला)जबलपुर

नारी शक्ति अधिनियम से बदलेगी महिलाओं की तकदीर : बरकड़े

वार्ड 6 में आंगनवाड़ी भवन का लोकार्पण

नवभारत, सिहोरा। केन्द्र के संवेदनशील प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा लागू किए गये नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल से महिलाओं की तकदीर बदलेगी तथा मातृशक्ति को भारतीय राजनीति में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा उक्ताशय के उदगार वार्ड 6 में 7.80 लाख की लागत से नवनिर्मित आंगनवाड़ी भवन के लोकार्पण के अवसर पर विधायक संतोष बरकडे ने मुख्य अतिथि के रुप में व्यक्त किए । लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे की अध्यक्षता, जिला महामंत्री राजेश दाहिया ,उपाध्यक्ष अनुपम सराफ, सत्यप्रकाश खरे, वार्ड पार्षद ज्योति चक्रवर्ती,बेबी पाल,लीला बर्मन, अजय बेटू शर्मा,अंकुंश नायक, प्रमोद चौधरी,गीता पटेल, सारिका साहू के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया जिसमें एक नन्ही बालिका से फीता कटवाकर आंगनवाड़ी का लोकार्पण कराया गया। वार्ड वासियों ने सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने प्रदेश और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन हितैषी योजनाओं में लाड़ली लक्ष्मी, मुख्यमंत्री कन्या विवाह,मातृ वंदना, लाडली बहना आदि योजनाओं से आज हजारों हितग्राही लाभान्वित हो रहे। आगे कहा यह आंगनवाड़ी का मात्र भवन नहीं बल्कि आधार सिला है उन बच्चों की जिनका यहां से भविष्य तय होना है। इस अवसर पर सुनील चक्रवर्ती,मधुर दुआ, राजकुमार गुप्ता, छत्रपति ठाकुर, दिनेश गुप्ता, सुप्पी बर्मन,संदीप राही,सुग्रीव श्रीवास,अशोक चौधरी,पवन यादव,दीपक तिवारी, गजेन्द्र सिंह,रिषभ द्विवेदी के साथ नगर पालिका से नमन श्रीवास्तव, सुशील वर्मा,सुजीत पटेल,मोनू उपाध्याय, रवि बर्मन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शिखा विंदु बर्मन सहित अनेक वे वार्डवासी उपस्थित थे।

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)
चतुर्थ निविदा सूचना

N.I.T.No./PWD/e-tendering/PRO/73 Date : 13/04/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1.	Tender ID-2026_UAD_496939_1	महाराजा अग्रसेन वार्ड अंतर्गत जॉय स्कूल से शक्ति भोग की ओर डामलीकरण का कार्य। (CM MOINTA+)	04 माह	5000/-	27/04/2026
	Date- 13/04/2026		39.82 लाख	29871/-	
2.	Tender ID-2026_UAD_496939_2	चेरीताल वार्ड अंतर्गत राठौर का चौराहे से शिव शक्ति मंदिर तक एवं नीलेश रावत के घर के सामने से अवस्थी के घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।(CM MOINTA+)	03 माह	2000/-	27/04/2026
	Date- 13/04/2026		6.74 लाख	6742/-	

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री लोककर्म विभाग नगर निगम जबलपुर

कार्यालय नगर परिषद कटंगी जिला जबलपुर (म.प्र.)

फेक्स एवं फोन नं. 07621-268627 ई-मेल: CMOkataangijabalpur@mpurban.gov.in वेबसाईट: WWW.NPKATANGIJBP.COM

क्रमांक /468/ राजस्व/2026 **दुकानो के अंतरण किए जाने की सूचना** कटंगी, दिनांक 10/04/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद कटंगी जिला जबलपुर द्वारा निम्न तालिका अनुसार अचल संपत्ति अंतरण नियम 24 फरवरी 2016 तथा संशोधित नियम 04 मई 2021 में दिये गये शर्तो के अनुसार वार्ड नं. 4 पुराना स्टेडियम के पास 02 दुकाने 30 वर्ष की अवधि के लिये आवंटन हेतु लमसम दर पर ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जा रही हैं। निविदा का विस्तृत विवरण https:www.mpetenders.gov.in पर उपलब्ध हैं। निविदादाता जो बेबसाईट में पंजीकृत हैं, इस निविदा में दरें प्रस्तुत कर सकते है। अंतरण से संबंधित नियम एवं शर्ते संबंधी जानकारी एवं अन्य विवरण कार्यालयीन दिवस में राजस्व शाखा में देखी जा सकती हैं। आरक्षित दुकानों में भाग लेने हेतु जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य हैं। विवरण निम्नानुसार हैं :-

नीलामी सूचना क्र.	स्थान	निविदा क्रमांक	दुकान क्रं.	साईज (वर्गमीटर)	आरक्षण वर्ग	अमानत राशि	आरक्षित मूल्य	निविदा प्रपत्र का मूल्य	निर्धारित किराया
द्वितीय	वार्ड नं. 04 पुराना स्टेडियम पड़ाव भूमि	2025_UAD_466120_1	2	15	अनारक्षित	15750/-	630000/-	2000/-	निविदा में प्राप्त प्रीमियम राशि के के मूल्य का 2 प्रतिशत होगा
		2025_UAD_466120_1	4	15	अनु.जाति	15750/-	630000/-	2000/-	--"--

नोट :- 1. प्रत्येक निविदाकार शासन द्वारा जारी केन्द्रीय पंजीकृत प्रणाली के पोर्टल की बेवसाईट https:www.mpetenders.gov.in में पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। जिस नाम से आई.डी. होगी उसी नाम से निविदा आफर प्रस्तुत किया जायेंगा। 2. निविदा प्रपत्र की खरीदी बेवसाईट https:www.mpetenders.gov.in में ऑनलाईन पेमेंट एवं पोर्टल सर्विस चार्ज के द्वारा दिनांक 11.04.2026 समय 6.30 से दिनांक 27.04.2026 समय 5.30 बजे तक हैं। 3. निविदा खोलने की दिनांक 29.04.2026 प्रात: 11.00 बजे से हैं।
(नोट :- निविदा में संशोधन केवल बेवसाईट पर देख सकते हैं, अखबारो में इसका कोई प्रकाशन नहीं)

(अमिताप साहू)
अध्यक्ष
नगर परिषद कटंगी जिला जबलपुर

(श्रीमती स्नेहा मिश्रा)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद कटंगी जिला जबलपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर
// निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6
1.	PRO- 69	संभाग क्रमांक 06 अंतर्गत पण्डित गोविंद वल्लभ पंत वार्ड में मछली मार्केट राधे पान सेंटर से लेकर सुजीपुरा मस्जिद तक रोड का सीमेंटीकरण कार्य।(पार्षद-अनुशंसा)	03 माह	2000/-	30/04/2026
	2026_UAD_498796_1		₹.7.77/- लाख	7780/-	
	Date-13/04/2026				

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन वेबसाईट https://mptender.gov.in पर किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री नगर पालिक निगम जबलपुर

मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता, अपर नर्मदा जोन, बरगी हिल्स, जबलपुर

Tel No.- 0761-2673450 I Fax No.- 0761-2672373 I E-mail : ceunz.2010@rediffmail.com

निविदा क्रमांक 306/सा/मु.अ./2026 **निविदा आमंत्रण सूचना (द्वितीय आमंत्रण)** जबलपुर, दिनांक 11/04/2026

निम्न कार्यो की ऑनलाईन निविदा ई-प्रीक्योंरमेंट सिस्टम प्रोर्टल से वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है-

निविदा आई.डी. क्रमांक	:	.....
कार्य का विवरण	:	बरगी दाईं तट नहर के RD 6.94 Km(नर्राई एक्वाडक्ट), RD 25.425 Km (रेनवे एक्वाडक्ट), RD 30.86Km(गौर साइफन) और RD 40.25 Km(परियत एक्वाडक्ट) पर मरम्मत, पुनर्वास, रखरखाव और नवीनीकरण के कार्य; जिसमें आवश्यकतानुसार क्षतिग्रस्त संरचनाओं को हटाना, मौजूदा मिट्टी की खुदाई और उसे हटाकर उसकी जगह ठोस पत्थरों (boulder) से भराई करना, संरचनात्मक घटकों का निर्माण (जिसमें RCC काउंटरफोर्ट दीवारें, ग्रेविटी रिटेनिंग दीवारें और बंद बैरल शामिल हैं) तथा अन्य सहायक संरचनाओं का निर्माण शामिल है। इसके अलावा, जल-रोधन (Waterproofing) के कार्य (जिसमें PU ग्राउटिंग, एपॉक्सी ट्रीटमेंट और पॉलीमर कंक्रीट ट्रीटमेंट शामिल हैं), विस्तार जोड़ों (expansion joints) की मरम्मत और बहाली, अनुमोदित नक्शों के अनुसार नहर के बाएँ और दाएँ किनारों पर सर्विस सड़कों का निर्माण और बहाली, तथा W.R.D. के डिज़ाइन, नक्शों और विशिष्टताओं के अनुसार नहर के ऊपरी और निचले हिस्सों में नदी के ढलान की सुरक्षा और नदी प्रशिक्षण (river training) के कार्य पूर्ण रूप से संपन्न करना; जिसमें सभी सामग्री, श्रम, मशीनरी और अन्य आकस्मिक खर्च शामिल हैं विस्तृत कार्य क्षेत्र (Detailed Scope of work) के अनुसार, परंतु केवल उसी तक सीमित नहीं, टर्नकी आधार पर, जिसमें 05 वर्षों का संचालन एवं अनुरक्षण (Operation & Maintenance) भी सम्मिलित होगा।
अनुबंध की अनुमानित राशि (रू. लाख में)	:	₹.2650.60 लाख (जी.एस.टी. के बिना)
धरोहर राशि (रूपये में)	:	₹.1325300.00
निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में)	:	₹.50000.00
निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक	:	11/04/2026, 17:31 बजे से 18/04/2026, 17:30 बजे तक
धरोहर राशि प्रपत्र खोलने का दिनांक	:	20/04/2026 10:30 बजे
कार्य पूर्णता अवधि	:	18 माह (वर्षाकाल छोड़कर)

1. निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाईट पर केवल ऑनलाईन क्रय किया जा सकता है। ऑनलाईन भुगतान क्रेडिट कार्ड या इंटरनेट एकाउण्ट के माध्यम से किया जा सकता है।
2. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए उपरोक्त वेबसाइट का अवलोकन करें।

(डी.एल.वर्मा)
मुख्य अभियंता
अपर नर्मदा जोन, बरगी हिल्स जबलपुर(म.प्र.)

जी-11486/26 स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता